भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

Azadi Ka Amrit Mahotsav

परिपत्र संख्या : 11/2022

दिनॉक : 12 जनवरी, 2022

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

विषयः– सतत विकास लक्ष्यों पर वेबिनार (एसडीजीज)

महोदय/महोदया,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाए!

सतत विकास लक्ष्यो (एसडीजी) का उद्देश्य विश्व में सभी के लिए एक सभ्य जीवन के सक्षम करना है एवं साथ ही साथ दीर्घ समय तक जीवन के प्राकृतिक आधार को संरक्षित करना है।

सतत विकास लक्ष्यों के बारे में जानना एक बेहतर एवं सुदृढ़ा भविष्य प्राप्त करने का आधार है। सभी सतत विकास लक्ष्य एक व्यक्ति या व्यवसाय के रूप में आपके लिए समान रूप से प्रासंगिक नहीं है। तथापि, उनके बारे में ज्ञान महत्वपूर्ण है कयोंकि ये नकारात्मक प्रभावों को कम करता है।

कुछ लोगों को पहले से ही इस बात की अच्छी समझ होगी कि सतत विकास लक्ष्यों का क्या तात्पर्य है, एवं वे इस बारे में सोचेंगे कि वे उन्हें अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में कैसे लागू कर सकते हैं। तथापि, विश्व स्तर पर, एक तिहाई से भी कम आबादी ने इन लक्ष्यो के बारे में कभी सुना होगा। उनसे भी कम लोगों को उन पर कार्य करने हेतु आवश्यक बुनियादी ज्ञान होगा।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्देश्य स्काउट्स/गाइड्स/रोवर्स/रेंजर्स एवं यूनिट लीडर्स के लिए 09 फरवरी, 2022 से शुरू होने वाले प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित कर सतत विकास लक्ष्यों के बारे में एक अवलोकन प्रदान करना है।

वेबिनार का विवरण इस प्रकार हैः

कार्यक्रम का नाम	:	सतत विकास लक्ष्य (एसडीजीज)
दिनाँक एवं समय	:	प्रत्येक दूसरा एवं चौथा बुधवार 09.02.2022 11:00 बजे से 13:00 बजे तक 23.02.2022 11:00 बजे से 13:00 बजे तक 09.03.2022 11:00 बजे से 13:00 बजे तक 23.03.2022 11:00 बजे से 13:00 बजे तक 13.04.2022 11:00 बजे से 13:00 बजे तक 27.04.2022 11:00 बजे से 13:00 बजे तक
वेबिनार	:	जूम मंच
कौन भाग ले सकता है	:	स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर एवं यूनिट लीडर्स
पंजीकरण लिंक	:	https://cutt.ly/BSGSDG
मान्यता	:	पंजीकृत प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर का डिजिटल प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रमाण पत्र केवल यूआईडी धारक सदस्यों को जारी किया जाएगा (अर्थात जिन्होंने ओवाईएमएस में पंजीकृत किया है) और जिन्होंने प्रत्येक वेबिनार के पूरा होने पर फीडबैक फॉर्म के माध्यम से रिपोर्ट जमा की है।
पंजीकरण की अंतिम तिथि	:	31 जनवरी, 2022

हम सभी राज्य संघों से अनुरोध करते है कि वे इस वेबिनार का व्यापक प्रचार करें एवं अधिक से अधिक स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर एवं यूनिट लीडर्स को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(अमर बी. क्षेत्री)
संयुक्त निदेशक स्काउट (कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण)DS

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब जिला संघ।
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को अनुसरण हेतु।